<u>संदेश</u>

पारसी नव वर्ष के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों, विशेषकर अपने पारसी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

नव वर्ष का दिवस पारसी समाज के लिए आस्था, उल्लास तथा उमंग का अवसर होता है। यह पर्व हमें जरूरतमंदों की सहायता करने तथा अपने घर, व्यापार स्थल और आस-पड़ोस में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी देता है। राष्ट्र निर्माण और विकास में पारसी समुदाय का योगदान हम सभी के लिए प्रेरणा और गर्व का विषय है।

मेरी कामना है कि सद्‌वाणी, सद्‌विचार और सद्‌कर्म के आदर्शों पर आधारित पारसी समाज का यह त्योहार हम सभी को सकारात्मक सोच बनाए रखने तथा परस्पर मेल-मिलाप से आगे बढ़ने की प्रेरणा दे।

****